Series HMJ/C

SET-1

कोड नं.
Code No. 61/C/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | | NOTE | |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **17** printed pages + **1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **31** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **पाँच** खण्ड हैं – **क, ख, ग, घ** और **ङ** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **28** से **30** तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के **एक** प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के **तीन** प्रश्नों में और मानचित्र प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

**खण्ड क** *1×20=20*

**1.** जेम्स प्रिंसेप कौन था ? *1*

**2.** निम्नलिखित में से किसने '*अर्थशास्त्र*' लिखी ? *1*

(A) मेगस्थनीज़

(B) अजातशत्रु

(C) कौटिल्य

(D) जेम्स प्रिंसेप



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **five** sections – **A**, **B**, **C**, **D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Question numbers **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iii)* ***Section B** – Question numbers **21** to **24** are short-answer type questions, carrying **3** marks each. Answers to each of them should not exceed **100** words.*

*(iv)* ***Section C** – Question numbers **25** to **27** are long-answer type questions, carrying **8** marks each. Answers to each of them should not exceed **350** words.*

*(v)* ***Section D** – Question numbers **28** to **30** are source based questions, carrying **6** marks each.*

*(vi)* ***Section E** – Question number **31** is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of one mark, **1** question of three marks, **3** questions of eight marks and the map question. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*1×20=20*

**1.** Who was James Prinsep ? *1*

**2.** Who among the following composed the *Arthashastra* ? *1*

(A) Megasthenes

(B) Ajatashatru

(C) Kautilya

(D) James Prinsep



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**3.** निम्नलिखित में से वह कौन-सा प्रथम सम्राट था, जिसने अपनी प्रजा और अधिकारियों के लिए संदेश चट्टानों और पत्थरों पर लिखवाए थे ? *1*

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य

(B) समुद्रगुप्त

(C) अशोक

(D) बिम्बिसार

**4.** निम्नलिखित में से कौन-से शासकों ने सबसे पहले सोने के सिक्के जारी किए थे ? *1*

(A) सतवाहन शासकों ने

(B) कुषाण शासकों ने

(C) गुप्त शासकों ने


(D) शाका शासकों ने

**5.** पितृवंशिकता के आदर्श का उल्लेख कीजिए । *1*

**अथवा**

मातृवंशिकता के आदर्श का उल्लेख कीजिए । *1*

**6.** निम्नलिखित प्रतिमा की पहचान कीजिए और इसे उपयुक्त शीर्षक दीजिए : *1*



***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 6 के स्थान पर है :*

चौबीसवें तीर्थंकर कौन थे ? *1*

**7.** ब्राह्मणों द्वारा अपनाई गई एक नीति का उल्लेख कीजिए, जिसमें वर्ण व्यवस्था को बल दिया है । *1*

**8.** उस फ्रान्सीसी राजनीतिक विद्वान का नाम लिखिए, जिसने सत्रहवीं शताब्दी में भारत की यात्रा के दौरान मुग़ल शहरों का 'शिविर नगर' के रूप में वर्णन किया । *1*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**3.** Who among the following was the first ruler to inscribe his messages to his subjects and officials on rocks and stones ? *1*

(A) Chandragupta Maurya

(B) Samundragupta

(C) Asoka

(D) Bimbisara

**4.** Who among the following rulers issued the first gold coins ? *1*

(A) The Satavahana rulers

(B) The Kushana rulers

(C) The Gupta rulers


(D) The Shaka rulers

**5.** State the ideal of patriliny. *1*

**OR**

State the ideal of matriliny. *1*

**6.** Identify the following image and give it an appropriate title : *1*



***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 6 :*

Who was the twenty-fourth tirthankara ? *1*

**7.** Mention one strategy adopted by Brahmins to enforce the norms of Varna Order. *1*

**8.** Name the French political scholar who described the Mughal cities as 'Camp towns' during his visit to India in the seventeenth century. *1*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**9.** इब्न बतूता को 'विश्व-यात्री' कहे जाने का एक कारण लिखिए । *1*

**अथवा**

इतालवी चिकित्सक मनूकी भारत में क्यों बसा ? एक कारण लिखिए । *1*

**10.** निम्नलिखित में से किस साम्राज्य ने *आइन-ए-अकबरी* इतिवृत्त का गठन किया ? *1*

(A) हुमायूँ का साम्राज्य

(B) अकबर का साम्राज्य

(C) शाहजहाँ का साम्राज्य

(D) औरंगज़ेब का साम्राज्य

**11.** मुग़ल काल के दौरान चालू 'जाति पंचायत' का एक उदाहरण लिखिए । *1*

**12.** सोलहवीं से सत्रहवीं सदी के बीच का समय भारत में धातु मुद्रा की उपलब्धि में अच्छी स्थिरता का समय क्यों कहा जाता है ? *1*

(A) इस्लामी देशों द्वारा भारत की सहायता किए जाने के कारण

(B) धातुओं की नई उत्खनन तकनीकी के उपयोग के कारण

(C) चाँदी की असाधारण उपलब्धता के कारण

(D) व्यापार के विस्तार के कारण

**13.** *अकबरनामा* का लेखक निम्नलिखित में से कौन था ? *1*

(A) गुलबदन बेग़म

(B) सादुल्ला खाँ

(C) अब्दुल हमीद लाहोरी

(D) अबुल फ़ज़्ल

**14.** निम्नलिखित कथनों का बहुत सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए :

I. जहाँगीर के शासन में ईरानियों को उच्च पद प्राप्त हुए ।

II. जहाँगीर की रानी, नूरजहाँ ईरानी और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली थी ।

III. ईरानी अधिकारी बहुत सक्षम थे ।

IV. युद्धकाल के दौरान ईरानियों ने जहाँगीर का साथ दिया ।

इन कथनों में से कौन-से सही हैं ? *1*

(A) I और II

(B) I और III

(C) II और IV

(D) II और III

**15.** अकबर की नीति के आधार पर निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए । पहचानिए और इस नीति का नाम लिखिए । *1*

- सभी लोगों में एकता एवं शान्ति का भाव था ।
- राज्य नीति के माध्यम से नीति लागू की गई थी ।
- सभी धर्मों को सम्मान दिया गया था ।
- विविध नृजातीय समूहों से अभिजात-वर्ग बनाया गया था ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

9. Give one reason for Ibn Battuta being known as a 'Globe-Trotter'. *1*

**OR**

Why did the Italian doctor Manucci settle in India ? Give one reason. *1*

10. Which of the following empires commissioned *Ain-i-Akbari* ? *1*
(A) Humanyun's empire
(B) Akbar's empire
(C) Shah Jahan's empire
(D) Aurangzeb's empire

11. Give one example of the Jati Panchayat prevalent during the Mughal period. *1*

12. Why was the period between the sixteenth and seventeenth centuries marked by a remarkable stability in the metal currency in India ? *1*
(A) Due to aid given by Islamic countries to India
(B) Due to the usage of new extraction technology of metals
(C) Due to the phenomenal availability of silver
(D) Due to the expansion of trade

13. Who, among the following, was the author of *Akbar Nama* ? *1*
(A) Gulbadan Begum
(B) Sadullah Khan
(C) Abdul Hamid Lahori
(D) Abu'l Fazl

14. Study the following statements very carefully :
I. Iranians got high offices during the reign of Jahangir.
II. Jahangir's queen, Nur Jahan was an Iranian and politically influential.
III. Iranians were very capable officers.
IV. Iranians accompanied Jahangir during warfare.

Which of these statements are correct ? *1*
(A) I and II
(B) I and III
(C) II and IV
(D) II and III

15. Read the following information based on the policy by Akbar. Identify and name the policy. *1*

- Unity and peace among all human beings.
- This policy was implemented through state policies.
- All the religions were given respect.
- Nobility was recruited from diverse ethnic groups.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**16.** 'दामिन-इ-कोह' क्षेत्र संथालों के लिए महत्त्वपूर्ण क्यों था ? *1*

**17.** दक्कन के ग्रामीण क्षेत्रों में अमरीकी गृह युद्ध के प्रभाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. दक्कन के गाँवों के रैयतों को अचानक असीमित ऋण उपलब्ध होने लगा ।

II. उन्हें कपास की उगाई जाने वाली प्रत्येक एकड़ के लिए ₹ 100 अग्रिम राशि दी जाने लगी ।

III. साहूकार दीर्घावधिक ऋण देने के लिए इच्छुक नहीं थे ।

IV. अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान बम्बई दक्कन में कपास का उत्पादन बढ़ता गया ।

इन कथनों में से कौन-से सही हैं ? *1*

(A) I, II और III

(B) II, III और IV

(C) I, III और IV

(D) I, II और IV

**18.** हिन्दुस्तानी को भारत की राष्ट्र भाषा बनाने में महात्मा गाँधी को रुचि क्यों थी ? विकल्प चुनिए । *1*

(A) दक्षिण भारत के लोग इससे सहमत थे ।

(B) यह देवनागरी लिपि से संबंधित थी ।

(C) एक बहुसांस्कृतिक देश के लिए यह बहुसंस्कृति वाली भाषा उपयुक्त थी ।

(D) यह दिल्ली के जनसाधारण की भाषा थी ।

**19.** जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किए गए 'उद्देश्य प्रस्ताव' को ऐतिहासिक प्रस्ताव क्यों माना गया ? *1*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

16. Why was 'Damin-i-Koh' area important for the Santhals ? *1*

17. Consider the following statements regarding the impact of American Civil War on the Deccan countryside.

I. The ryots in the Deccan villages suddenly found access to limitless credit.

II. They were given ₹ 100 as advance for every acre they planted with cotton.

III. Sahukars were not willing to extend long-term loans.

IV. During the period of American Civil War, the cotton production in Bombay Deccan expanded.

Which of these statements are correct ? *1*

(A) I, II and III

(B) II, III and IV

(C) I, III and IV

(D) I, II and IV

18. Why was Mahatma Gandhi interested in making Hindustani the national language of India ? Choose the option. *1*

(A) People from South India also approved of it.

(B) It was related with Devanagari script.

(C) It was a multi-cultural language suited for a multi-cultural country.

(D) It was the language of the common people of Delhi.

19. Why was the 'Objectives Resolution' presented by Jawaharlal Nehru in the Constituent Assembly considered a historical proposal ? *1*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को *दृढ़कथन (A)* के रूप में जाना गया है और दूसरे को *कारण (R)* के रूप में जाना गया है ।

*दृढ़कथन (A) :* पृथक् निर्वाचिकाएँ एक ऐसा "विष है जो हमारे देश की पूरी राजनीति में समा चुका है," यह घोषणा सरदार पटेल ने की ।

*कारण (R) :* यह एक ऐसी माँग है जिसने एक समुदाय को दूसरे समुदाय से भिड़ा दिया, राष्ट्र के टुकड़े कर दिए और रक्तपात को जन्म दिया ।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ? *1*

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(D) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

**खण्ड ख** ***3×4=12***

21. महाभारत काल के दौरान ब्राह्मणीय विचारों की वर्ण व्यवस्था से ऐसे कौन-से समुदाय थे जो प्रभावित नहीं थे ? तीन उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *3*

22. भारत में संचार प्रणाली का वर्णन इब्न बतूता ने किस प्रकार किया है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

23. चौरी-चौरा स्थान पर घटित घटना का उल्लेख कीजिए और बताइए इसका 'असहयोग आंदोलन' पर क्या प्रभाव पड़ा । *2+1=3*

24. 1947 में उपनिवेशी शासन से मिली स्वतंत्रता की खुशी विभाजन की हिंसा और बर्बरता से किस प्रकार बदरंग पड़ गई थी ? विश्लेषण कीजिए । *3*

**अथवा**

आप यह कैसे सोचते हैं कि 1920 और 1930 के दशकों में उत्पन्न तनाव, भिन्न समुदायों के बीच साम्प्रदायिक संघर्षों के कारण थे ? विश्लेषण कीजिए । *3*

**खण्ड ग** ***8×3=24***

25. स्पष्ट कीजिए कि हड़प्पाई संस्कृति में शिल्प उत्पादन के केन्द्रों की पहचान किस प्रकार की गई । यह भी स्पष्ट कीजिए कि खोजी गई पुरावस्तुओं को किस प्रकार वर्गीकृत किया गया ? *4+4=8*

**अथवा**

हड़प्पा सभ्यता के शहरी केन्द्रों की किन्हीं पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए और हड़प्पावासियों के सामाजिक और आर्थिक अंतरों के अध्ययन के लिए पुरातत्त्वविदों द्वारा अपनाई गई रणनीतियों की भी व्याख्या कीजिए । *5+3=8*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**20.** Given below are two statements, one labelled as *Assertion (A)* and the other labelled as *Reason (R)*.

*Assertion (A) :* Separate electorates was a "poison that has entered into the body politic of our country," declared Sardar Patel.

*Reason (R) :* It was a demand that had turned one community against the other, divided the nation and caused bloodshed.

Which one of the following is correct ? *1*

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is not correct.

(D) (A) is not correct, but (R) is correct.

## SECTION B *3×4=12*

**21.** Which of the populations were not influenced by the Brahmanical ideas of Varna order during the Mahabharata Period ? Explain with three examples. *3*

**22.** Explain how Ibn Battuta described the system of communication in India. *3*

**23.** Mention the incident that took place at Chauri-Chaura and what was its impact on the Non-Cooperation Movement. *2+1=3*

**24.** Analyse how the joy of independence from colonial rule in 1947 was tarnished by the violence and brutality of Partition. *3*

**OR**

Analyse how do you think the tensions that grew during 1920s and 1930s were the causes of communal conflicts among different communities. *3*

## SECTION C *8×3=24*

**25.** Explain how the centres of craft production are identified in the Harappan culture. Also explain how recovered artefacts are classified. *4+4=8*

**OR**

Explain any five features of the urban centres of Harappan Civilization. Also explain the strategies followed by the archaeologists to study the social and economic differences of the Harappans. *5+3=8*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

26. बारहवीं सदी से लेकर सोलहवीं सदी तक सूफ़ी सन्तों और राज्य के बीच रहे संबंधों का वर्णन कीजिए । 8

**अथवा**

अलवार और नयनार कौन थे ? राज्य के साथ उनके संबंधों का वर्णन कीजिए । 2+6=8

27. उन परिस्थितियों का परीक्षण कीजिए जिन्होंने अवध के ताल्लुकदारों की सत्ता छीनी । सत्ता के छिनने के प्रभावों की व्याख्या कीजिए । 4+4=8

**अथवा**

ज्ञात कीजिए कि सिपाहियों ने किस प्रकार ग्रामीण जनता से सहायता प्राप्त की और सैन्यद्रोह को नियंत्रित करने के लिए ब्रिटिश के दमनकारी उपायों की व्याख्या कीजिए । 4+4=8

**खण्ड घ** **6×3=18**

28. निम्नलिखित उद्धरण का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**महल के बाहर की दुनिया**

जैसे बुद्ध के उपदेशों को उनके शिष्यों ने संकलित किया वैसे ही महावीर के शिष्यों ने किया । अक्सर ये उपदेश कहानियों के रूप में प्रस्तुत किए जाते थे जो आम लोगों को आकर्षित करते थे । यह उदाहरण *उत्तराध्ययन सूत्र* नामक एक ग्रंथ से लिया गया है । इसमें कमलावती नामक एक महारानी अपने पति को सन्यास लेने के लिए समझा रही है :

> अगर संपूर्ण विश्व और वहाँ के सभी खज़ाने तुम्हारे हो जाएँ तब भी तुम्हें संतोष नहीं होगा, न ही यह सारा कुछ तुम्हें बचा पाएगा । हे राजन् ! जब तुम्हारी मृत्यु होगी और जब सारा धन पीछे छूट जाएगा तब सिर्फ धर्म ही, और कुछ भी नहीं, तुम्हारी रक्षा करेगा । जैसे एक चिड़िया पिंजरे से नफ़रत करती है वैसे ही मैं इस संसार से नफ़रत करती हूँ । मैं बाल-बच्चे को जन्म न देकर निष्काम भाव से, बिना लाभ की कामना से और बिना द्वेष के एक साध्वी की तरह जीवन बिताऊँगी...
>
> जिन लोगों ने सुख का उपभोग करके उसे त्याग दिया है, वायु की तरह भ्रमण करते हैं, जहाँ मन करे स्वतंत्र उड़ते हुए पक्षियों की तरह जाते हैं...
>
> इस विशाल राज्य का परित्याग करो... इंद्रिय सुखों से नाता तोड़ो, निष्काम अपरिग्रही बनो, तत्पश्चात तेजमय हो घोर तपस्या करो...

(28.1) रानी कमलावती ने अपने पति को सन्यास लेने के लिए क्यों समझाया ? परीक्षण कीजिए । 2

(28.2) रानी सन्यासिनी के रूप में सन्तान विहीन और बिना किसी सांसारिक इच्छा के रहना क्यों चाहती थी ? 2

(28.3) क्या आप सोचते हैं कि रानी की उनके पति को सलाह में कुछ अच्छाई थी ? 2


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**26.** Describe the relationship between the Sufis and the State from twelfth to sixteenth centuries. *8*

**OR**

Who were the Alvars and Nayanars ? Describe their relationship with the State. *2+6=8*

**27.** Examine the circumstances which led to the dispossession of taluqdars of Awadh. Explain the impact of dispossession. *4+4=8*

**OR**

Find out how the sepoys got the help of rural folk and explain the measures of repression taken by the British to control the mutiny. *4+4=8*

## SECTION D *6×3=18*

**28.** Study the given excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The world beyond the palace**

Just as the Buddha's teachings were compiled by his followers, the teachings of Mahavira were also recorded by his disciples. These were often in the form of stories, which could appeal to ordinary people. Here is one example, from a Prakrit text known as the *Uttaradhyayana Sutta,* describing how a queen named Kamalavati tried to persuade her husband to renounce the world :

> If the whole world and all its treasures were yours, you would not be satisfied, nor would all this be able to save you. When you die, O king and leave all things behind, *dhamma* alone, and nothing else, will save you. As a bird dislikes the cage, so do I dislike (the world). I shall live as a nun without offspring, without desire, without the love of gain, and without hatred ...
>
> Those who have enjoyed pleasures and renounced them, move about like the wind, and go wherever they please, unchecked like birds in their flight ...
>
> Leave your large kingdom ... abandon what pleases the senses, be without attachment and property, then practise severe penance, being firm of energy ...

(28.1) Examine why did the queen Kamlavati persuade her husband to renounce the world. *2*

(28.2) Why did the queen want to live as a nun without offspring and without any worldly desire ? *2*

(28.3) Do you think the advice of the queen to her husband had some merit ? *2*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**29.** निम्नलिखित उद्धरण का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**राजा और व्यापारी**

विजयनगर के सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय (शासनकाल 1509 – 29) ने शासनकला के विषय में *अमुक्तमल्यद* नामक तेलुगु भाषा में एक कृति लिखी । व्यापारियों के विषय में उसने लिखा :

> एक राजा को अपने बन्दरगाहों को सुधारना चाहिए और वाणिज्य को इस प्रकार प्रोत्साहित करना चाहिए कि घोड़ों, हाथियों, रत्नों, चंदन, मोती तथा अन्य वस्तुओं का खुले तौर पर आयात किया जा सके... उसे प्रबंध करना चाहिए कि उन विदेशी नाविकों जिन्हें तूफानों, बीमारी या थकान के कारण उनके देश में उतरना पड़ता है, की भली-भाँति देखभाल की जा सके... सुदूर देशों के व्यापारियों, जो हाथियों और अच्छे घोड़ों का आयात करते हैं, को रोज बैठक में बुलाकर, तोहफ़े देकर तथा उचित मुनाफ़े की स्वीकृति देकर अपने साथ संबद्ध करना चाहिए । ऐसा करने पर ये वस्तुएँ कभी भी तुम्हारे दुश्मनों तक नहीं पहुँचेंगी ।

(29.1) राजा ने व्यापार को प्रोत्साहित करने में किस प्रकार रुचि दिखाई ? 2

(29.2) राजा ने विदेशी व्यापारियों को सेवाएँ देना क्यों चाहा ? 2

(29.3) विजयनगर साम्राज्य को व्यापार से मिले लाभों की व्याख्या कीजिए । 2

**30.** निम्नलिखित उद्धरण का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पलायन**

1857 में ब्रिटिश सेना द्वारा शहर पर अधिकार करने के बाद दिल्ली के लोगों ने क्या किया, इसका वर्णन प्रसिद्ध शायर मिर्ज़ा ग़ालिब इस प्रकार करते हैं :

> दुश्मन को पराजित करने और भगा देने के बाद, विजेताओं (ब्रिटिश) ने सभी दिशाओं से शहर को उजाड़ दिया । जो सड़क पर मिले उन्हें काट दिया गया... । दो से तीन दिनों तक कश्मीरी गेट से चाँदनी चौक तक शहर की हर सड़क युद्धभूमि बनी रही । तीन द्वार – अजमेरी, तुर्कमान तथा दिल्ली – अभी भी विद्रोहियों के क़ब्जे में थे... । इस प्रतिशोधी आक्रोश तथा घृणा के नंगे नाच से लोगों के चेहरों का रंग उड़ गया, और बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएँ,... इन तीनों द्वारों से हड़बड़ा कर पलायन करने लगे । शहर के बाहर छोटे गाँवों और देवस्थलों में शरण ले अपनी वापसी के अनुकूल समय का इंतज़ार करते रहे ।

(30.1) अंग्रेज़ों ने शहरों को क्यों रौंदा ? कारण लिखिए । 2

(30.2) विद्रोहियों ने किस प्रकार अपने-आप का बचाव किया और उन्होंने कहाँ शरण पाई ? 2

(30.3) क्या यह अंग्रेज़ों की ओर से प्रतिशोधी कार्य था ? 2



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**29.** Study the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**King and traders**

Krishnadeva Raya (ruled 1509 – 29), the most famous ruler of Vijayanagara, composed a work on statecraft in Telugu known as the *Amuktamalyada*. About traders he wrote :

> A king should improve the harbours of his country and so encourage its commerce that horses, elephants, precious gems, sandalwood, pearls and other articles are freely imported ... He should arrange that the foreign sailors who land in his country on account of storms, illness and exhaustion are looked after in a suitable manner ... Make the merchants of distant foreign countries who import elephants and good horses be attached to yourself by providing them with daily audience, presents and allowing decent profits. Then those articles will never go to your enemies.

(29.1) How did the king show interest in encouraging trade ? *2*

(29.2) Why did the king want to provide services to the foreign traders ? *2*

(29.3) Explain the benefits of trade to the Vijayanagara empire. *2*

**30.** Study the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Escaping to the countryside**

This is how the famous poet Mirza Ghalib described what the people of Delhi did when the British forces occupied the city in 1857 :

> Smiting the enemy and driving him before them, the victors (i.e., the British) overran the city in all directions. All whom they found in the street they cut down ... For two to three days every road in the city, from the Kashmiri Gate to Chandni Chowk, was a battlefield. Three gates – the Ajmeri, the Turcoman and the Delhi – were still held by the rebels ... At the naked spectacle of this vengeful wrath and malevolent hatred, the colour fled from men's faces, and a vast concourse of men and women ... took to precipitate flight through these three gates. Seeking the little villages and shrines outside the city, they drew breath to wait until such time as might favour their return.

(30.1) Give reasons why the British overran the city. *2*

(30.2) How did the rebels escape themselves and where did they find shelter ? *2*

(30.3) Was it a vengeful act on the part of Britishers ? *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ङ

### (मानचित्र आधारित प्रश्न) *1×6=6*

**31.** (31.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *1×3=3*

(i) राखीगढ़ी – एक विकसित हड़प्पाई पुरास्थल

**अथवा**

नागार्जुनकोंडा – एक बौद्ध पुरास्थल

(ii) आगरा **अथवा** दिल्ली – मुग़लों के अधीन राज्य

(iii) लखनऊ – 1857 में अंग्रेज़ों के अधीन नगर

(31.2) इसी मानचित्र में तीन स्थानों को A, B और C के रूप में अंकित किया गया है, जो 'राष्ट्रीय आंदोलन' से संबंधित हैं । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं. 31 के स्थान पर हैं :*

(31.1) 1857 के विद्रोह के किन्हीं तीन केन्द्रों का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

**अथवा**

किन्हीं तीन बौद्ध पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

(31.2) 'राष्ट्रीय आंदोलन' के किन्हीं तीन केन्द्रों के नाम लिखिए । *1×3=3*



collegedunia India's largest Student Review Platform

## SECTION E

**(Map Based Question)** *1×6=6*

**31.** (31.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following appropriately : *1×3=3*

(i) Rakhigarhi – a mature Harappan site

**OR**

Nagarjunakonda – a Buddhist site

(ii) Agra **OR** Delhi – a territory under Mughals

(iii) Lucknow – a city under British in 1857

(31.2) On the same map three places have been marked as A, B and C, which are associated with the National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *1×3=3*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No. 31 :*

(31.1) Mention any three centres of the Revolt of 1857. *1×3=3*

**OR**

Mention any three Buddhist sites. *1×3=3*

(31.2) Name any three centres of the National Movement. *1×3=3*




collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रश्न सं. 31.1 और 31.2 के लिए

For question no. 31.1 and 31.2






collegedunia
India's largest Student Review Platform